RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 21 नवंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 222 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

बॉम्बे हाई कोर्ट से आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर को राहत...



Page - 3

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# वोटिंग के बीच पंकजा मुंडे ने किया बड़ा दावा,

## महाराष्ट्र में बहुमत के साथ सरकार बनाएगी महायुति...



**मुंबई:** महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों के लिए मतदान जारी है। यहां के चुनावी रण में महायुति और महा विकास अघाड़ी के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इस बीच बीजेपी नेता पंकजा मुंडे की प्रतिक्रिया सामने आई है। बीड में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं (बीजेपी) महाराष्ट्र कोर कमेटी की नेता हूं। पंकजा मुंडे ने कहा कि महाराष्ट्र की कोर कमेटी में, वॉर रूम में, जो भी बैठकों के प्रस्ताव आए, मैंने जहां भी मांग थी, वहां जनसभाओं में भाग लेने की कोशिश की। लेकिन, समय की कमी के कारण मैं केवल 40 प्रतिशत जनसभाओं में ही भाग ले पाई।

इसके साथ ही पंकजा मुंडे ने कहा कि महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और महायुति बहुत अच्छी जीत हासिल करेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि महायुति बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। हालांकि, उनका यह दावा कितना सही साबित होगा, यह तो 3 दिन बाद यानी 23 तारीख को नतीजों के दिन ही पता चलेगा। वहीं, वोटिंग के बीच केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले की भी प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि जितना मतदान होना चाहिए उतना नहीं हो रहा है। राज्यों में मतदान कम हो रहा है जो अच्छी बात नहीं है। कम से कम 80 से 90 प्रतिशत मतदान होना चाहिए। मैं सभी मतदाताओं से अनुरोध करता हूं कि 5 साल में एक बार चुनाव आते हैं, आप पूरे परिवार के साथ मतदान करें।

अठावले ने कहा कि मैं चुनाव आयोग से अनुरोध करना चाहता हूं कि 1000 लोगों के बूथ पर बहुत लंबी कतारें होती हैं, इसे 500 मतदाताओं का बूथ बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रिया सुले और नाना पटोले पर भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच होनी चाहिए। अगर जनता हमारे साथ है तो डरने की क्या बात है। महायुति की सरकार बनेगी और महाविकास अघाड़ी को यहां बड़ा झटका लगने वाला है। महायुति को स्पष्ट बहुमत मिलेगा, 165 से 170 सीटें मिलेंगी। हमें इसका पूरा भरोसा है।

# धुले में वोटिंग के दिन पकड़ी गई 10000 किलो चांदी

## धुले पुलिस ने शुरू की जांच..



**धुले (महाराष्ट्र):** महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों पर मतदार शुरू है। ऐसे में चुनावों के मद्देनजर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस बीच धुले पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। धुले पुलिस अधिकारियों ने जिले के शिरपुर तालुका के थालनेर गांव में वाहनों की जांच के दौरान 94 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की लगभग 10,000 किलोग्राम चांदी की ईंटें जब्त की हैं। नासिक के विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्र कराले ने विवरण साझा करते हुए कहा, ''एक बड़ी पुलिस कार्रवाई में शिरपुर तालुका में एक कंटेनर में 94.68 करोड़ रुपये की 10 हजार किलोग्राम चांदी की सिल्लियाँ बरामद की गईं।''अधिकारी ने बताया, ''राज्य में इस समय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान चल रहा है। चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा वाहनों की गहन जांच की जा रही है।

इसी पृष्ठभूमि में पुलिस ने आज सुबह पांच बजे शिरपुर तालुका के थालनेर गांव में एक कंटेनर की तलाशी ली और उसमें 94.68 करोड़ रुपये मूल्य की 10,000 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद कीं।''अधिकारी ने बताया कि कंटेनर में मिले कीमती सामान बैंक से संबंधित बताए जा रहे हैं। ''इस मामले की जांच अभी चल रही है। विस्तृत जानकारी का इंतजार है। इससे पहले 16 नवंबर को मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 8,476 किलों चांदी बरामद की थी। बताया जा रहा है कि इस चांदी की कीमत लगभग 80 करोड़ रुपये है। इतनी बड़ी तादाद में चांदी के पकड़े जाने के बाद से पुलिस ने नाकाबंदी और सख्त कर दी है। इसके बाद 17 नवंबर को नागपुर यूनिवर्सिटी के सामने आपूर्ति कंपनी 'सीक्वल लॉजिस्टिक्स' के वाहन को पुलिस तथा चुनाव आयोग के अधिकारियों की एक टीम ने रोका। इस दौरान वैन में आभूषणों के रूप में 17 किलो सोना तथा 55 किलो चांदी की प्लेटें मिलीं थीं। लेकिन बाद में पता चला कि ये सोना और चांदी विदर्भ के अलग-अलग सराफा व्यापारियों के ऑर्डर के अनुसार उनके प्रतिष्ठानों तक पहुंचाया जा रहा था।

# महाराष्ट्र: मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के फर्जी पत्र मामले में मुंबई पुलिस ने केस किया दर्ज

**महाराष्ट्र:** मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के नाम से एक फर्जी पत्र वायरल हुआ है, जिसमें कहा गया है कि राज ठाकरे ने वर्ली विधानसभा क्षेत्र में धनुष्यबाण का समर्थन किया है। गंभीर बात यह है कि इस पत्र पर राज ठाकरे के हस्ताक्षर भी इस्तेमाल किए गए हैं। मनसे कार्यकताओं की शिकायत पर अग्रीपाड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वर्ली विधानसभा क्षेत्र में राज ठाकरे के नाम से एक फर्जी पत्र वायरल हुआ है। इस पत्र के जरिए दावा किया गया कि राज ठाकरे के हस्ताक्षर जाली हैं और उन्होंने वर्ली में शिवसेना (शिंदे) के उम्मीदवार मिलिंद देवड़ा का समर्थन किया है। इसके चलते मनसे और शिवसेना (शिंदे) के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के बीच विवाद हो गया।



हम विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में आ गए हैं। महायुति ने शिवड़ी विधानसभा क्षेत्र में मनसे के खिलाफ उम्मीदवार न उतारकर मनसे का सम्मान किया है और हिंदू वोटों के विभाजन से बचने के अपने कर्तव्य के रूप में मैं वर्ली में धनुष्यबाण का समर्थन करके शिवसेना (शिंदे) का समर्थन करूंगा। अपने मत का सम्मान करें और विकसित महाराष्ट्र बनाने में योगदान दें, 20 नवंबर को सभी को बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। इस पत्र में कहा गया है कि हर राय कीमती है। पत्र के नीचे राज ठाकरे के हस्ताक्षर भी इस्तेमाल किए गए हैं। मनसे के उपविभागीय सचिव अक्रूर पाटकर की शिकायत पर अग्रीपाड़ा पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 336(2), 336(4), 353(2) और 171(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

इस संबंध में राजेश कुसाले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुसाले शिवसेना (शिंदे) के पूर्व शाखा प्रमुख हैं। वर्ली संभाग में यह पत्र वायरल होने के बाद वर्ली से शिवसेना उम्मीदवार संदीप देशपांडे ने खुद राज ठाकरे से संपर्क किया। बाद में यह पत्र फर्जी निकला। उस पत्र में राज ठाकरे के लेटरहेड का भी इस्तेमाल किया गया है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### रियो की हकीकत...

जी20 रियो डी जनेरियो घोषणापत्र जिसका नेताओं ने मंगलवार को समर्थन किया उसमें दुनिया भर में मौजूद अधिकांश अहम मुद्दों का जिक्र किया गया है। ये मुद्दे हैं: युद्ध, जलवायु परिवर्तन, गरीबी और भूख, समता और वैश्विक संचालन आदि। इस दौरान मेजबान देश ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा जिन्हें लूला के नाम से भी जाना जाता है, वह यह दावा कर सकते हैं कि मसौदे को लेकर विभिन्न नेताओं में असहमति तथा अर्जेंटीना के मतभेद के बीच भी वह अपने एजेंडे को कामयाब बनाने में सफल रहे। ऐसे में घोषणापत्र की भाषा दिखाती है कि जी20 में कई मुद्दों को लेकर समझौते की स्थिति है। परंतु इसका नतीजा यह हुआ कि जो प्रारूप सामने आया उसका दायरा सामान्य था और उसमें विशेषताओं की कमी रही। यद्यपि अंतिम समझौते ने लूला को वार्ता की अंतिम घोषणा पर बातचीत में विफल होने से बचा लिया लेकिन डॉनल्ड ट्रंप के दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के पहले रियो घोषणापत्र में एजेंडे को सार्थक ढंग से आगे बढ़ाने के अवसर को गंवा दिया गया। लूला को दो कामयाबियां मिलीं। पहली, वैश्विक अरबपतियों पर दो फीसदी कर के प्रस्ताव का उल्लेख। इस मुद्दे पर बातचीत इसलिए बाधित हुई थी कि अर्जेंटीना ने इसका काफी विरोध किया था। उनकी इससे भी बड़ी उपलब्धि थी भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक गठजोड़ को आगे ले जाना। इसे समापन घोषणापत्र में भी स्थान मिला। अब तक 82 देशों ने योजना पर हस्ताक्षर किए हैं। परंतु रियो घोषणापत्र में अन्य अहम मुद्दों पर कदम उठाने में काफी देर हो चुकी है।

उदाहरण के लिए जलवायु परिवर्तन पर घोषणापत्र से अपेक्षा थी कि कॉप29 सम्मेलन (बाकू) में जलवायु वित्त को लेकर बातचीत में जो गतिरोध आया था उसमें कुछ प्रगति देखने को मिलेगी। गत वर्ष दिल्ली में जलवायु वित्त की राशि को ह्यअरबों से बढ़ाकर खरबोंह्व में करने की बात को दोहराने के अलावा रियो में ऐसा कुछ नहीं बताया गया कि यह राशि कहां से आएगी। इसके बजाय इसमें केवल यह कहा गया कि वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने और ऊर्जा किफायत में सुधार की दर को दोगुना किया जाएगा। घोषणा पत्र में दुबई में गत वर्ष आयोजित कॉप28 में विभिन्न देशों के बीच बनी प्रतिबद्धता लाभ नहीं लिया गया। वहां कहा गया था कि जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने की आवश्यकता है। इस बदलाव के लिए लक्ष्य तय करने या हाइड्रोकार्बन निवेश को सीमित करने की बात कही गई थी।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# बीड विधानसभा से प्रत्याशी को वोटिंग के दौरान लगा सदमा, हार्ट अटैक से मौत

**बीड:** बीड विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय उम्मीदवार बालासाहेब शिंदे की मतदान केंद्र पर ही दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वे छत्रपति शाहू विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर ठहरे हुए थे। इसी बीच उन्हें चक्कर आ गया और वह गिर गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जब बालासाहेब शिंदे मतदान केंद्र पर थे, तब उन्हें अचानक सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हुई। समर्थकों ने उन्हें पानी दिया और भीड़ से दूर खुली जगह पर ले जाने की कोशिश की। लेकिन चलते-चलते उन्हें चक्कर आ गया और वो गिर पड़े। इसके बाद उन्हें तुरंत काकू नाना अस्पताल में भर्ती कराया गया,



लेकिन उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें छत्रपति संभाजीनगर अस्पताल भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बालासाहेब शिंदे बीड विधानसभा में प्रभावशाली नेता माने जाते थे। उनके निधन से उनके समर्थक, परिवार के सदस्य और बीड जिले के नागरिक शोक में डूब गए हैं। मतदान के दौरान उनकी मौत से पूरे जिले में शोक व्यक्त किया जा रहा है। शुरूआती जांच के मुताबिक पुलिस ने मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने के बाद आधिकारिक जानकारी सामने आएगी। इस घटना से मतदान केंद्र पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। चुनाव आयोग ने इस घटना पर संज्ञान लिया है और कहा है कि बीड विधानसभा चुनाव को लेकर अगला फैसला जल्द ही लिया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 52 के अनुसार, यदि चुनाव के दौरान किसी उम्मीदवार की मृत्यु हो जाती है, तो संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में मतदान स्थगित किया जा सकता है। बालासाहेब शिंदे के निधन से बीड शहर और जिले में दुख का माहौल है। शिंदे के निधन से चुनाव प्रक्रिया बाधित हो गई है और सभी की निगाहें चुनाव की आगे की प्रक्रिया पर टिकी हैं।

सतारा के खंडाला तहसील के मोरवे में नानासाहेब धायगुडे (उम्र 67 वर्ष) अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र पर आए, जबकि खंडाला के प्राथमिक विद्यालय में प्रशासन द्वारा चुनाव कक्ष में मतदान चल रहा था। पहचान पत्र सत्यापन के बाद वह ईवीएम कक्ष में गए और वोटिंग बटन दबाया।

## बारामती में गमार्या माहौल, युगेंद्र की मां शर्मिला बोलीं-अजित के कार्यकताओं ने दी धमकी



**पुणे:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की आज वोटिंग हो रही है। इस बीच पुणे जिले के बारामती शहर में एक मतदान केंद्र के बाहर उस समय तनाव उत्पन्न हो गया जब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार युगेंद्र पवार की मां ने मौजूदा विधायक अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के कार्यकर्ताओं पर धमकी देने और कदाचार का आरोप लगाया। राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार के पोते युगेंद्र पवार बारामती सीट से अपने चाचा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ खड़े हैं। युगेंद्र की मां शर्मिला पवार ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के एक कैडर को प्रतिद्वंद्वी गुट के कार्यकर्ताओं ने धमकी दी। उन्होंने आरोप लगाया जब मुझे सूचना मिली तो मैं मौके पर पहुंची और देखा कि उनकी पार्टी (राकांपा) के चुनाव चिह्न वाली कुछ मतदाता पर्चियां वितरित की जा रही हैं और हमारे लोगों को डराया जा रहा था और उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही थी।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग से शिकायत की जायेगी। इस बीच बारामती में अजित पवार की पार्टी के चुनाव प्रभारी किरण गुजर ने कहा कि शर्मिला पवार चुनाव अधिकारी नहीं हैं और उन्हें मतदान केंद्र के अंदर जाने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा जहां तक हमारी पार्टी के चुनाव चिह्न वाली मतदाता पर्चियों का सवाल है, तो मतदान केंद्र के चुनाव अधिकारी ने आपत्ति क्यों नहीं की। इससे पता चलता है कि जब व्यवस्था निष्पक्ष रूप से काम कर रही है, तो आप व्यवस्था को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। बता दें कि युगेंद्र पवार अजित पवार के भतीजे हैं। एनसीपी में विभाजन के बाद शरद पवार के साथ ही युगेंद्र का परिवार रहा। जिसके चलते इस बार बारामती से अजित पवार के सामने शरद ने युगेंद्र पवार को टिकट दे दिया है।

## मुंबई : खार में मालकिन की घर से चुराए 34 लाख की जूलरी...

### फिर डीपी की फोटो से यूं पकड़ी गई चोरनी



**मुंबई :** खूबसूरत पलों को डीपी में फोटो और शॉर्ट विडियो के जरिए कैद कर रखने की आदत ने 20 वर्षीय एक महिला को हवालात भेज दिया। खार पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ 34 लाख रुपये की कथित चोरी का मामला दर्ज किया है। लेकिन, नियमित रूप से डीपी रखने का शौक ने उसको पुलिस की गिरफ्त में ला दिया। खार पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला का नाम महिमा निषाद है। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने अपने मालकिन के घर में चोरी करने की बात कबूल कर ली।

जांच अधिकारियों ने बताया कि 57 वर्षीय महिला पांचाली ठाकुर अपने भाई के साथ खार में रहती हैं, जबकि माता-पिता थोड़ी दूर पर रहते हैं। एक हादसे में उनकी मां की रीढ़ की हड्डी टूट गई थी, इसलिए उन्होंने देखभाल के लिए महिमा निशाद को बतौर केयरटेकर रखा था।

**यूपी की रहने वाली है चोरनी**

चोरी करने की आरोपी महिमा उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और यहां वाकोला में रहती है। पीड़िता की मां के कमरे में एक लॉकर है, जिसमें वह आभूषण और कैश रखती थीं। लॉकर की एक चाबी उन्होंने मां को दे रखी है।

एफआइआर के मुताबिक, लक्ष्मी पूजन के दिन पांचाली आभूषण लेने जब मां के घर गईं, तो उन्हें लॉकर खोलने के लिए चाबी नहीं मिला। दूसरी चाबी से उन्होंने लॉकर खोला, तो पाया कि 34 लाख से अधिक कीमत के आभूषण और 5 हजार कैश गायब हैं। उन्होंने माता-पिता से इसका ज़िक्र किया, जिसे सुनते ही दोनों स्तब्ध रह गए।

# बुलेट ट्रेनों को आंधी, बारिश और भूकंप से बचाने के लिए सरकार नए सुरक्षा सिस्टम को ऐड करेगी...

**मुंबई :** भारत सरकार की मुंबई-अहमादाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत, चलने वाली ट्रेनों को खास तरीके से तैयार किया जा रहा है. रेलवे की मुंबई से अहमदाबाद के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेनों में कई सारे सेफ्टी फीचर्स दिए जाएंगे. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी. इस बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में यात्रियों की सेफ्टी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली बुलेट ट्रेनों को भूकंप, आंधी और तेज बारिश से बचाने के लिए खास तरीके से डिजाइन किया जा रहा है. भारत सरकार रेल सुविधाओं को लगातार बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है. इसी क्रम में भारतीय रेलवे ने नई बुलेट ट्रेन परियोजना में भूकंप सेंसर, रेनफॉल मॉनिटरिंग सिस्टम और तेज हवाओं के चलने पर ट्रेन की सुरक्षा को लेकर नए सिस्टम अपडेट किए जा रहे हैं.

**भूकंप सेंसर**

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में जापानी शिंकानसेन बुलेट ट्रेनों की तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है. मुंबई और गुजरात के बीच में कुल 28



भूकंपमापी सेंसर लगाए जाएंगे, जिनमें से 22 महाराष्ट्र और 8 गुजरात में लगेंगे. ये सेंसर भूकंप तरंगों की निगरानी करेंगे साथ ही भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में ट्रेन के जाने पर खुद-ब-खुद इमरजेंसी ब्रेक लगा देंगे.

**बारिश की निगरानी**

बुलेट ट्रेनों को हैवी रेन से बचाने के लिए नई तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है. इससे जिस इलाके में ट्रेन चलेगी. वहां के मौसम के बारे में आसानी से पता चल जाएगा और बुलेट ट्रेनों को खराब मौसम और भारी बारिश की मार नहीं झेलनी पड़ेगी. कई बार भारी बारिश के चलते ट्रेनें लेट हो जाती हैं. इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए रेलवे बुलेट ट्रेनों में बरिश की निगरानी के लिए एक नया सिस्टम लगाएगा.

**तेज गति की हवाओं का पता लगाना**

मुंबई-अहमदाबाद के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेनें कई तटीय क्षेत्रों से होकर के गुजरेंगी. इसलिए ट्रेनों पर तेज हवाओं का कोई प्रभाव न पड़े, आंधियों के बारे में पहले ही पता चल जाए. इसके लिए रेलवे ने हवाओं की गति का पता लगाने के लिए वायडक्ट के साथ-साथ 14 जगहों पर एनीमोमीटर लगाएगा, जो 0 से 252 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच चलने वाली हवाओं का डेटा देगा, जिससे यदि हवा की रफ्तार 72 किलोमीटर प्रति घंटा से 130 किलोमीटर प्रति घंटा के बीच पहुंचती है तो ट्रेन की स्पीड को कम कर दिया जाएगा.

## बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार मुख्य शूटर की पुलिस हिरासत 23 नवंबर तक

**मुंबई,** मुंबई की एक अदालत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार कथित मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम की पुलिस हिरासत मंगलवार को 23 नवंबर तक बढ़ा दी। पुलिस ने गौतम की रिमांड बढ़ाने का अनुरोध करते हुए कहा कि वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है तथा गोलीबारी में प्रयुक्त हथियार अभी तक बरामद नहीं हुआ है।



मुंबई अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के साथ संयुक्त अभियान में 20 वर्षीय गौतम और चार अन्य को 10 नवंबर को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार चार अन्य लोगों अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव और अखिलेंद्र प्रताप सिंह को गौतम को शरण देने और नेपाल भागने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

सभी आरोपियों को मंगलवार को उनकी पिछली रिमांड अवधि समाप्त होने पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद पाटिल के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने गौतम की पुलिस हिरासत 23 नवंबर तक बढ़ा दी जबकि अन्य आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को बांद्रा पूर्व में उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## मीरा रोड में एक कुख्यात चोर को गिरफ्तार

**मीरा भयंदरः** मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस से जुड़ी केंद्रीय अपराध इकाई (सीसीयू) ने मीरा रोड में एक कुख्यात चोर को गिरफ्तार किया।पुलिस उपनिरीक्षक हितेंद्र विचारे द्वारा प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, एपीआई दत्तराय सरक की देखरेख में टीम ने जाल बिछाया और आरोपी योगेश बाबूलाल जायसवाल (39) को गिरफ्तार किया, जो मीरा रोड के पॉश कनकिया इलाके में एक कॉलेज के पास बाइक चोरी करने के लिए रेकी कर रहा था।



गुजरात के साबरकांठा जिले के मोडासा शहर का मूल निवासी, जायसवाल जो वर्तमान में अंधेरी में रह रहा था, पालघर, ठाणे, सतारा, गुजरात और मुंबई में बाइक चोरी, सेंधमारी, चोरी और साइबर धोखाधड़ी के मामलों में शामिल एक आदतन अपराधी निकला।उल्लेखनीय है कि, कुछ साल पहले लंच ब्रेक के दौरान सरकारी दफ्तरों में घुसकर लैपटॉप और अन्य कीमती सामान चुराकर अपने अधिकार क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले जैसवाल के खिलाफ आजाद नगर थाने में चोरी के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। बाद में उसे आजाद नगर थाने ने नालासोपारा से गिरफ्तार किया था। जमानत पर बाहर आने के बाद वह दोपहिया वाहनों के ताले तोड़ने में माहिर हो गया और बिना सुरक्षा वाले स्थानों पर खड़ी बाइकों को निशाना बनाने लगाशुरूआती जांच में 24 अपराधों में उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई और पुलिस को संदेह है कि यह संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है, जिसने आरोपी के कब्जे से तीन चोरी की बाइकें बरामद की हैं। इस बीच, जैसवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है और उसे हिरासत में ले लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट से आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर को राहत



**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट से आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ और प्रबंध निदेशक चंदा कोचर को राहत मिली है। अदालत ने सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस (एसएफआईओ) को कोचर के खिलाफ बलपूर्वक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ के समक्ष चंदा कोचर की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में कहा गया है कि दीपक कोचर को एसएफआईओ जांच के तहत किसी भी कंपनी के निदेशक, शेयरधारक या संबद्ध नहीं होने के बावजूद तलब किया गया था। याचिकाकर्ता के वकील अमित देसाई ने दलील दी कि याचिकाकर्ता जैसे वरिष्ठ नागरिकों को केवल कार्य समय के दौरान ही बुलाया जाना चाहिए और उनसे पूछताछ की जानी चाहिए। इस मामले की जांच के बाद एसएफआईओ का समन तीन साल के अंतराल के बाद आया है। पीठ ने आदेश दिया है कि एसएफआईओ कोचर के खिलाफ बलपूर्वक कार्रवाई नहीं करे और उनसे कोई भी पूछताछ केवल कार्यालय समय के दौरान ही होनी चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील अमित देसाई ने पीठ को बताया कि दीपक कोचर को एसएफआईओ अधिकारियों द्वारा 22 अक्टूबर को देर रात हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की गई, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। एसएफआईओ से पहले लेनदेन की जांच ईडी और सीबीआई द्वारा की जा चुकी है। सीबीआई ने 2017 में चंदा कोचर और उनके पति के खिलाफ आईसीआईसीआई बैंक द्वारा वीडियोकॉन समूह को मंजूर किए गए कर्ज और कोचर की न्यूपावर रिन्यूएबल्स लिमिटेड में वेणुगोपाल धूत द्वारा 64 करोड़ रुपए के निवेश से संबंधित आरोपों के संबंध में प्रारंभिक जांच शुरू की थी। 2019 में, ईडी ने भी निवेश और मुंबई के सीसीआई चैंबर में एक फ्लैट की जांच शुरू की।

# मुंबई : दो पत्नियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए करता था चोरी... गिरफ्तार

**मुंबई :** मालाड पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है। इस चोर ने चोरी करने के पीछे का कहानी बताई तो हर कोई हैरान था। दो पत्नियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए यह शख्स चोर बना। उसने कहा कि वह अपनी पत्नियों से बेइंतहा प्यार करता है। उनकी डिमांड पूरी करने के लिए वह चोरी करने लगा। यहां तक की पत्नी के लिए उसने साथियों के साथ गिरोह बनाकर छोटे अपराध भी अंजाम दिए।

41 वर्षीय इस आरोपी का नाम मोहम्मद कासिम शेख उर्फ अतीक है। इसके खिलाफ एक दो नहीं बल्कि चोरी के अब तक 14 से अधिक मामले दर्ज होने की जानकारी मिली हैं।

**मुंबई के पुलिस स्टेशनों में केस**

पुलिस ने अतीक के पास से चोरी के 18 फोन जब्त किए हैं। पुलिस की जांच में पाया गया कि



अतीक के खिलाफ मालाड, मरीन ड्राइव, कोलाबा, खार, बांद्रा और ठाणे के नौपाड़ा और डोंबिवली समेत कई पुलिस स्टेशनों में पंद्रह से अधिक मामले दर्ज हैं।

**दो बार लव और मैरिज**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पता चला कि अतीक ने दो शादियां की हैं। वह दोनों पत्नियों से बेहद प्यार करता है लेकिन बेरोजगार होने के कारण दोनों पत्नियों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में वह असमर्थ था। इसलिए उसने चोरी करने का फैसला किया और मोबाइल, पर्स आदि चोरी करने लगा। अतीक की गिरफ्तारी से चोरी के चार मामले पुलिस ने अब तक सुलझा लिए हैं।

**नौकरी लगाने का देता था झांसा**

मलाड पुलिस के अनुसार, अतीक खुद तो बेरोजगार था लेकिन दूसरों को रोजगार दिलाने का वादा किया करता था। इसके लिए वह बेरोजगारों अथवा नौकरी की तलाश में भटक रहे ऐसे लोगों को ढूंढते रहता जिसके पास मोबाइल होता था। 9 जुलाई को भी उसने ऐसे ही एक युवक को अपना शिकार बनाया और काम के सिलसिले में मालाड में घूम रहे युवक को कपड़े की एक दुकान में नौकरी दिलाने का झांसा दिया।

## मतदान के इंतजार में सूख गई स्याही!

### नासिक पोलिंग बूथ पर ईवीएम ने दिया धोखा...



**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में बुधवार सुबह मतदान शुरू होते ही एक मतदान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में खराबी आ गई जिसके कारण कुछ मतदाताओं को कुछ समय के लिए इंतजार करना पड़ा। सूत्रों ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर महाराष्ट्र जिले के नांदगांव विधानसभा क्षेत्र में 'न्यू इंग्लिश स्कूल' में बनाए गए मतदान केंद्र संख्या-164 पर ईवीएम खराबी की शिकायत आई है। सूत्रों ने बताया कि सुबह सात बजे जैसे ही मतदान शुरू हुआ, केंद्र पर एक ईवीएम ने काम करना बंद कर दिया। इसके कारण कई ऐसे मतदाताओं को केंद्र के बाहर कतार में खड़े होकर इंतजार करना पड़ा जिनकी उंगलियों पर स्याही का निशान लगाया जा चुका था।

हालांकि, निर्वाचन अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कुछ ही समय बाद समस्या को दूर कर दिया गया। जिलाधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी जलज शर्मा ने बताया, "ईवीएम में खराबी ज्यादा समय तक नहीं रही। इसके कनेक्शन में कुछ समस्या थी। एक तकनीशियन ने समस्या को दूर कर दिया जिसके बाद मतदान फिर से शुरू हो गया।'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक के मतदान का आंकड़ा सामने आया है। चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक महाराष्ट्र में शाम 5 बजे तक कुल 58.22 प्रतिशत वोटिंग हुई है। इसमें नक्सल प्रभावित गड़चिरोली जिला सबसे आगे है। गड़चिरोली में शाम पांच तक 69.63 फीसदी मतदान हुआ है। वहीं सबसे कम वोटिंग मुंबई शहर में हुई है। यहां केवल 49.07 फीसदी मतदान ही हुआ है।

## घर खरीदारों की सुरक्षा के लिए वेबसाइटों को महारेरा पोर्टल से जोड़ने का निर्देश

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शहरी नियोजन प्राधिकरणों को पारदर्शिता और घर खरीदारों की सुरक्षा के लिए वेबसाइटों को महाराष्ट्र रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (महारेरा)पोर्टल से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही अदालत ने महारेरा को 19 जून 2023 से प्रमोटरों द्वारा प्रस्तुत सभी प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने का भी निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ के समक्ष डोंबिवली के आर्किटेक्ट संदीप पांडुरंग पाटिल की जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई हुई। जनहित याचिका में सरकार, महारेरा और स्थानीय नियोजन प्राधिकरणों के बीच जवाबदेही स्थापित करने के लिए निर्देश देने की अनुरोध किया गया था। पीठ ने कहा कि रेरा अधिनियम के तहत रियल एस्टेट




परियोजनाओं के पंजीकरण के लिए प्रस्तुत किए गए प्रारंभ और व्यवसाय प्रमाणपत्र (सीसी और ओसी) की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया स्थापित करने के लिए ऐसा एकीकरण अनिवार्य है। पीठ ने यह भी कहा कि जब तक पूर्ण एकीकरण हासिल नहीं हो जाता, तब तक सभी नागरिक निकायों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जारी होने के 48 घंटों के भीतर सीसी और ओसीएस उनकी वेबसाइटों पर अपलोड किए जाए, जिससे अंतरिम पारदर्शिता बनी रहे और सार्वजनिक पहुंच प्रदान की जा सके। पीठ ने जनहित याचिका का निपटारा करते हुए राज्य सरकार को कहा कि वह तीन महीने के भीतर बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम (बीपीएमएस) को महारेरा की ऑनलाइन प्रणाली के साथ एकीकृत करने का काम पूरा करे, जिससे रियल एस्टेट प्राधिकरण प्रमाणपत्रों का क्रॉस-सत्यापन कर सके और धोखाधड़ी वाले सबमिशन के जोखिम को कम कर सके। याचिकाकर्ता की ओर से दावा किया गया कि अवैध इमारतों के पंजीकरण को रोकने, परियोजना पंजीकरण के लिए जमा किए गए दस्तावेजों की प्रामाणिकता को सत्यापित करने और घर खरीदारों को धोखाधड़ी वाली अचल संपत्ति प्रथाओं से बचाने के लिए पूर्ण एकीकरण की आवश्यकता है।

## भिवंडी: दहेज मांगने; तीन तलाक कहकर संबध विच्छेद करने वाले पति समेंत परिवार के अन्य ४ सदस्यों पर शांतीनगर पुलिस ने मामला दर्ज

**भिवंडी:** शांतीनगर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ४ लाख रुपये दहेज मांगने को लेकर प्रताड़ित करनें वाले पति व्दारा तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर संबध विच्छेद करने वाले पति समेंत परिवार के अन्य ४ सदस्यों पर शांतीनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। भिवंडी शांतीनगर पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि कर्ता भिवंडी की रहनेवाली एक महिला



ने शिकायत दर्ज करायी है कि जनवरी और जुलाई के बीच जब मैं अपने ससुराल नागपुर में रहती थी तो उसके पति ४ लाख रुपये नहीं तो एक कार की मांग कर रहे थे।

पिडित महिला व्दारा मांग पूरी ना किये जाने पर उसके साथ मानसिक प्रताड़ना और मारपीट के साथ गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दिये जाने लगा। फिर भी पिडित महिला ने उसकी मांग को मानने से इनकार कर दिया। फिर महिला का पति तलाक तलाक तलाक कहकर उससे संबध विच्छैद कर लिया। महिला की शिकायत पर शांतीनगर पुलिस ने पति के अलावां परिवार के अन्य और ४ लोंगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com